राष्ट्रीय मतदाता दिवस
के अवसर पर माननीय
मुख्य निर्वाचन आयुक्त का संदेश

बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

फैक्स/ई–मेल

फोन नं0 :– 0612–2217956
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– ceo_bihar@eci.gov.in

पत्रांक – बी1–3–104/2011– 369 पटना, दिनांक 21 जनवरी, 2012 ई0।

प्रेषक

सोहन कुमार ठाकुर,
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार।

सेवा में

सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–जिला पदाधिकारी (बिहार राज्य)।

**विषय : राष्ट्रीय मतदाता दिवस (National Voters' Day) के अवसर पर माननीय मुख्य निर्वाचन आयुक्त के संदेश (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) की प्रति का प्रेषण।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि भारत निर्वाचन आयोग से दिनांक 25.01.2012 को द्वितीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन से संबंधित भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त का संदेश (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) प्राप्त हुआ है, जिसे इस पत्र के साथ संलग्न कर भेजा जा रहा है।

साथ ही यह भी सूचित करना है कि भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त का संदेश की ऑडियो/वीडियो प्रति भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाईट पर अपलोड कर दी जायेगी, जिसका उपयोग राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित समारोहों के लिये किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा दिये गये संदेश को समारोह में उपस्थित सभी नागरिकों को पढ़ कर सुनाया जाये तथा राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 2012 के अवसर पर इस संदेश का मीडिया के माध्यम से वृहद प्रचार–प्रसार कराया जाये। साथ ही यह भी अनुरोध है कि माननीय मुख्य निर्वाचन आयुक्त के संदेश (हिन्दी एवं अंग्रेजी में) की प्रति उपर्युक्त निदेश के साथ अपने जिला के सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों/सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों/उप निर्वाचन पदाधिकारी/प्रभारी उप निर्वाचन पदाधिकारी/अवर निर्वाचन पदाधिकारी/मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारियों को उपलब्ध कराने की कृपा की जाये।

अनु0 : यथा उपर्युक्त।

विश्वासभाजन

(सोहन कुमार ठाकुर)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार।

ज्ञापांक:– बी1–3–104/2011– 369 पटना, दिनांक 21 जनवरी, 2012 ई0।

प्रतिलिपि :– सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार राज्य को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(सोहन कुमार ठाकुर)
उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार।

**Message from the Chief Election Commissioner**
**on the 2nd National Voters Day**

It gives me great pleasure to congratulate all citizens, especially the newly enrolled voters, on this historic occasion of the 2nd National Voters' Day. The National Voter's Day is dedicated to the Constitutional Rights bestowed on us by the founding fathers of the nation, who granted the right of adult suffrage to every India citizen, irrespective of religion, race, caste, community, language, region or socio-economic considerations.

The Election Commission of India is proud to uphold the democratic structure of the country and strives for greater participation of the people in the electoral process. Through consistent efforts, we have achieved an electoral roll of 75 crore voters following the recently concluded Roll Revision exercise.

We know that quite a few eligible people are still uncovered, unreached, unwilling and indifferent. Our endeavour is to ensure that everyone eligible should be enrolled and those enrolled should participate in the elections, whenever the opportunity comes. This is how we strengthen the roots of democracy, by making use of the best gift of our Constitution to elect our representatives. The Pledge that we all would be taking today is a reaffirmation of our faith in ourselves, our country and our democracy.

I once again wish every citizen on the National Voters' Day and appeal to all to make it a great success by becoming an integral part of the democratic electoral process. I am sure that your participation will lead to a stronger, vibrant and more fulfilled democracy.

Jai Hind!

# द्वितीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त का सन्देश

मुझे द्वितीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर सभी नागरिकों, विशेष कर, हाल ही में पंजीकृत हुए मतदाताओं को बधाई देते हुए अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस, राष्ट्र के नव निर्माताओं द्वारा हम सब को दिए गए संवैधानिक अधिकारों को समर्पित है, जिन्होंने धर्म, वर्ग, जाति, संप्रदाय, भाषा, धर्म या समाजिक–आर्थिक दृष्टि के मतभेद किए बिना प्रत्येक भारतीय नागरिक को वयस्क मताधिकार का अधिकार प्रदान किया है।

भारत निर्वाचन आयोग देश की लोकतांत्रिक संरचना की मर्यादा बनाए रखने में गर्व महसूस करता है तथा निर्वाचन प्रक्रिया में लोगों की अधिकाधिक सहभागिता के लिए प्रयासरत रहेगा। निरंतर प्रयासों के द्वारा हाल में ही संपन्न हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में हमने 75 करोड़ मतदाताओं को निर्वाचक नामावली में शामिल करने में सफलता पाई है।

हम जानते हैं कि केवल कुछ योग्य व्यक्ति अभी भी शामिल नहीं हो पाये हैं या तो वह हमारी पहुंच से बाहर हैं, या अनिच्छुक तथा तटस्थ हैं। हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं कि प्रत्येक योग्य व्यक्ति पंजीकृत हो तथा जो पंजीकृत है अवसर आने पर सभी निर्वाचनों में हिस्सा लें। इस प्रकार हम अपने प्रतिनिधियों को चुनने के लिए संविधान द्वारा दिए हुए सर्वोत्तम उपहार का प्रयोग कर लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करें। आज जो शपथ हम लेंगे वह हमारे स्वयं के देश के तथा हमारे लोकतंत्र के प्रति हमारी आस्था का पुनः पुष्टीकरण है।

मैं प्रत्येक नागरिक को पुनः राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बधाई देता हूँ और सभी से यह अपील करता हूँ कि लोकतान्त्रिक निर्वाचन प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा बन कर इसे अधिकाधिक सफल बनाएँ। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपकी सहभागिता एक मजबूत, जीवंत और अधिक भरे–पूरे लोकतंत्र की ओर ले जाएगी।

जय हिन्द!